दिनांक: 20.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज जारी हो गया है। बोर्ड प्रशासक महेश चन्द्र शर्मा ने तीनों संकायों के साथ ही वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि कला वर्ग का परिणाम 96 दशमलव आठ आठ प्रतिशत, विज्ञान वर्ग का 97 दशमलव सात तीन और वाणिज्य वर्ग का 98 दशमलव नौ पांच प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 8 लाख 66 हजार से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस बार भी छात्राओं का परिणाम छात्रों से ज्यादा रहा।

समूचे प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का दौर बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में आठ शहरों का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। वहीं 19 शहरों में दिन का तापमान 45 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। दिन के साथ ही रात के तापमान में बढोतरी से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। केन्द्र के अनुसार धौलपुर और जालौर में 46 दशमलव 5, सीकर के फतेहपुर और कोटा में 46 दशमलव 2 तथा करौली और पिलानी में अधिकतम तापमान 46 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। भरतपुर, अलवर, जयपुर, बाडमेर, जैसलमेर, जोधपुर, फलौदी, चूरू, डूंगरपुर और हनुमानगढ में दिन का तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। विभाग ने इस सप्ताह हीटवेव जारी रहने की संभावना व्यक्त की है।

भीषण गर्मी और लू को देखते हुए जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में आज मॉकड्रिल की गई। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी के निर्देश पर अस्पताल के बाहरी इलाकों में पानी का छिड़काव किया गया और अग्निशमन यंत्रों को जांचा गया। मॉकड्रिल के दौरान व्यवस्था को भी परखा गया।

सरहदी जिले जैसलमेर में भीषण गर्मी के बीच राज्य पक्षी गोडावण को तापघात से बचाने के लिए वन विभाग सतर्क हो गया है। मरू राष्ट्रीय उद्यान में गोडावण सहित विभिन्न वन्यजीवों को पानी की समूचित व्यवस्था के लिए इंतजाम किये जा रहे हैं। विभाग की ओर से टांकों और होदियों में पानी भरा जा रहा है। इसके अलावा 75 एनक्लोजर भी बनाये गये हैं। विभाग के कार्मिकों को गश्त के दौरान पानी साथ रखने के निर्देश दिये गये हैं, जिससे खाली कुंडों को तुरंत भरा जा सके।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत आज छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। सवेरे 11 बजे तक लगभग 24 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की 7, बिहार और ओडिशा की 5–5, झारखंड की 3 तथा जम्मू–कश्मीर और लद्दाख की एक–एक सीट शामिल हैं। इस चरण में कई मंत्रियों और सांसदों सहित छह सौ पिच्यानवे उम्मीदवार मैदान में हैं।

भीलवाड़ा के बहुचर्चित भट्टी कांड में पोस्को कोर्ट आज फैसला सुनाएगी। मामले में दो लोगों को दोषी ठहराया गया है। इन लोगों पर नाबालिग के साथ गैंगरेप कर उसे जिंदा कोयले की भट्टी में जलाने का अपराध सिद्ध हुआ है। कोर्ट के फैसले को देखते हुए न्यायालय परिसर में भारी पुलिस बल तैनात है।

अलवर शहर में अवैध रूप से चल रहे ई रिक्शा के खिलाफ परिवहन विभाग ने अभियान चलाकर ई रिक्शे जब्त किये। परिवहन अधिकारी विजेंद्र कुमार मीणा ने बताया शहर के लोगों को ई रिक्शा की वजह से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां साढे पांच हजार से ज्यादा ई रिक्शा

का रजिस्ट्रेशन हो चुका है और इनमें से बहुत से किराये पर संचालित किये जा रहे हैं। इस वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या आम होने लगी है।